भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1741

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

एनएच-150 सी पर ग्रीनफील्ड हाइवे बडाडल-मराडगी

1741. श्री राधाकृष्ण:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अक्कलकोट से कर्नाटक-तेलंगाना सीमा खंड के पैकेज-दो के अंतर्गत एनएच-150सी के महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा (बडाडल) से मराडगी एस अंडोला खंड तक 6-लेन पहुंच-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के पूरा होने और वर्तमान स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ख) परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है तथा इस संबंध में चुनौतियां क्या हैं; और

(ग) निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा परियोजना को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एचएएम पर रारा-150सी के किमी 26.000 से किमी 97.000 तक महाराष्ट्र/कर्नाटक सीमा (बडादल) से मराडगी एस अंडोला खंड तक छह लेन का पहुंच-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण कार्य सौंपा गया है और वर्तमान प्रगति 30% है जिसका जून 2025 तक पूरा किया जाना निर्धारित है।

(ख) 551 हेक्टेयर के विस्तार की आवश्यकता है जिसमें से लगभग 548 हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व प्राप्त कर लिया गया है। परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंज़ूरी 17.10.2022 को प्राप्त की गई थी।

(ग) कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए परियोजना में किसी भी मुद्दे को सुलझाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और राज्य सरकार द्वारा सभी हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर समय-समय पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

*****